भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 900

जिसका उत्तर 21.07.2022 को दिया जाना है

राम वन गमन पथ परियोजना

900. श्री आर.के. सिंह पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश राज्य में राम वन गमन पथ परियोजना क्रियान्वित की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजाना के अंतर्गत कौन-कौन से स्थान/जिले शामिल किए जा रहे हैं/जोड़े हैं;

(ग) क्या इस परियोजना के तहत चित्रकूट जिले को जोड़ा जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हाँ।

(ख) उत्तर प्रदेश में राम वन गमन मार्ग अयोध्या को चित्रकूट से जोड़ता है और प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर और चित्रकूट जिलों को कवर करता है।

(ग) जी, हाँ।

(घ) उत्तर प्रदेश में राम वन गमन मार्ग का राजापुर - राम पुरिया अव्वल - कर्वी भाग चित्रकूट जिले से होकर गुजरता है। राजापुर से राम पुरिया अव्वल तक का खंड बोली के चरण में है और राम पुरिया अव्वल से कर्वी तक का खंड डीपीआर चरण में है।

*****